तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 30 जनवरी 2025

12 एकलव्य प्रवेश परीक्षा तैयारी के लिए विद्यार्थियों...



12 सीमा सुरक्षा बल ने निःशुल्क नेत्र जांच एवं...





## खबर संक्षेप



### कलशयात्रा के साथ शिवमहापुराण कथा 1 फरवरी से होगी प्रारंभ

**कांकेर।** कोकपुर में कथा वाचक प्रदीप मिश्रा की शिवपुराण कथा का शुभारंभ 1 फरवरी को होगा, जिसकी तैयारी अंतिम चरण में है। प्रमुख यजमान देवकुमार जैन ने बताया कि शिवपुराण कथा के पहले कलश यात्रा का आयोजन 31 जनवरी को किया गया है। कलश यात्रा 31 जनवरी को कोड़ेजुंगा में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी जो कथास्थल तक पहुँचेगी। प्रमुख यजमान ने सभी महिला मण्डलियों, रामायण मण्डलियों और युवा समितियों से आग्रह किया है कि कलश यात्रा सहित पूरे आयोजन में सहभागिता निभाए। श्रद्धालुओं के लिए पंडाल में रुकने की व्यवस्था किया गया है।

### ग्रामवासियों द्वारा बच्चों को कराया गया न्योता भोज



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला और बालक आश्रम पुजारीपारा के बच्चों को समस्त ग्रामवासी द्वारा न्योता भोज कराया गया और संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माशा शाला प्रधानाध्यापक नारायण सिंह कवाची, प्राशा शाला प्रधानापाठक बेदीलाल केमरोबालक आश्रम प्रधानपाठक सगनुराम ठाकुरके अलावा ग्राम पटेल ऊजीर आंचल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष फूल सिंह नरेटी, नवल सलाम, कोटवार कमलेश नाग, रामनाथ नरेटी, राम प्रसाद नरेटी, समस्त नवयुवक साथी एवं समस्त ग्रामवासी पुजारीपारा के द्वारा न्योता भोजन कराया गया।

# मतदाता सूची तैयार करने में हुई गड़बड़ी, ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड कोयलीबेड़ा की ग्राम पंचायत कोयलीबेड़ा की मतदाता सूची में गड़बड़ी नजर आने से ग्रामीणों मे हडकंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत तहसीलदार के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी को किया है।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत कोयलीबेड़ा में 20 वार्ड है। वार्ड सीमांकन में लापरवाही बरती गई, जिसके चलते वार्ड का पूर्व क्रमांक ही बदल दिया गया है। साथ ही वार्ड के मतदाताओं के नाम भी इधर से उधर कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 12 में 12 के साथ-साथ वार्ड क्रमांक 18, 15 और 9 के मतदाता के नाम जोड़ दिए गए है। ऐसा किए जाने से वार्ड पंच के लिए लड़ने वाले उम्मीदवार को प्रचार प्रसार में काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। कई वार्ड पंच के उम्मीदवार अपना और अपने परिवार का वोट अपने खुद को नहीं दे पाएंगे। ऐसी लापरवाही वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 20 तक सभी वार्डों में हुआ है। इस तरह से बरती लापरवाही के कारण वार्ड की सीमा भी समझ नहीं आ रहा है। पंचायत से कभी भी मतदाता सूची की दावा आपत्ति नहीं मंगाई गई। वार्ड पंचों को भी मतदाता सूची की संशोधन की जानकारी नहीं दी गई। वार्ड पंचों के दावेदारों का कहना है कि बीएलओ की लापरवाही के कारण ऐसा हुआ है। लापरवाही के कारणों को पता लगाकर बीएलओं के खिलाफ कार्यवाही होना चाहिए।

### आरोपः वार्ड सीमांकन में लापरवाही से उपजी समस्या

ग्राम पंचायत कोयलीबेड़ा का मामला




#### मतदाताओं ने की शिकायत

कोयलीबेडा के ग्रामीणों ने कहा है कि कोयलीबेडा ब्लॉक मुख्यालय होने के बावजूद मतदाता सूची तैयार करने में घोर लापरवाही की गई है, यह जाँच का विषय है। लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार पर कार्रवाई की माँग करते हुए कोयलीबेड़ा के मतदाताओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम से तहसीलदार कोयलीबेड़ा को ज्ञापन दिया है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : जिले के सात जनपद का चुनाव तीन चरण में होगा

# गांव की सरकार बनाने के लिए नामांकन फार्म लेने की प्रकिया हुई शुरू, पंच के 96 अभ्यर्थियों ने भरा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नामांकन के तीन दिनों में सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्य का एक भी नामांकन नहीं हुआ दाखिल

गांव की सरकार बनाने के लिए तीन चरण में चुनाव होना है। प्रथम चरण में कांकेर, नरहरपुर और चारामा तहसील, द्वितीय चरण में भानुप्रतापपुर और दुर्गुकोंदल तहसील, तृतीय चरण में अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाले पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य का चुनाव होगा। तीनों चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 3 फरवरी है। 6 फरवरी को चुनाव चिन्ह का आवंटन हो जाएगा। प्रथम चरण का चुनाव 17 फरवरी, द्वितीय चरण का चुनाव 20 फरवरी और तृतीय चरण का चुनाव 23 फरवरी को होगा। जानकारी के अनुसार जिले में जिला पंचायत की सदस्य संख्या 13 है। इसके लिए कलेक्टर रिटर्निंग अधिकारी रहेंगे। इसके अलावा जनपद पंचायत कांकेर के अंतर्गत जनपद सदस्यों की संख्या 16, सरपंचों की संख्या 64, वार्डो की संख्या 821 है, जबकि मतदान केंद्रो की संख्या 168 है। जनपद पंचायत चारामा के अंतर्गत जनपद सदस्यों की संख्या 17, सरपंचों की संख्या 64, वार्डों की संख्या 862 है, जबकि मतदान केंद्रो की संख्या 133 है। जनपद पंचायत नरहरपुर के अंतर्गत जनपद सदस्यों की संख्या 19, सरपंचों की संख्या 71, वार्डों की संख्या 953 है, जबकि मतदान केंद्रो की संख्या 132 है। जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के अंतर्गत जनपद सदस्यों की संख्या 14, सरपंचों की संख्या 52, वार्डों की संख्या 703 है, जबकि मतदान केंद्रो की संख्या 127 है।

जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के अंतर्गत जनपद सदस्यों की संख्या 11, सरपंचों की संख्या 44, वार्डो की संख्या 570 है, जबकि मतदान केंद्रो की संख्या 88 है। जनपद पंचायत अंतागढ़ के अंतर्गत जनपद सदस्यों की संख्या 13, सरपंचों की संख्या 56, वार्डो की संख्या 667 है, जबकि मतदान केंद्रो की संख्या 116 है। जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के अंतर्गत जनपद सदस्यों की संख्या 25, सरपंचों की संख्या 103, वार्डों की संख्या 1347 है, जबकि मतदान केंद्रो की संख्या 199 है।




### जिला पंचायत अध्यक्ष बनेगी महिला, उन्हीं क्षेत्रों में लगेगा जोर

*जिला पंचायत अध्यक्ष अजजा वर्ग से महिला बनेगी और इसके लिए क्षेत्र क्रमांक 01, 03, 07, 11 महिला अजजा वर्ग के लिए आरक्षित है। वहीं क्षेत्र क्रमांक 4, 8, 9,10 अजजा वर्ग मुक्त के लिए आरक्षित है, इन क्षेत्रों से भी महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ सकती है। यह आठ क्षेत्र है, इससे चुनाव जीतने वाली महिला ही जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी को हथिया सकती है। नामांकन फार्म लेने के लिए दौड़ शुरू हो चुकी है और नामांकन फार्म जब जमा होगा, तभी सही स्थिति सामने आएगी। इसके अलावा क्षेत्र क्रमांक 02 अजा महिला वर्ग के लिए आरक्षित है, वहीं क्षेत्र क्रमांक 5, 12,13 अनारक्षित मुक्त वर्ग के लिए आरक्षित है ओर क्षेत्र क्रमांक 06 अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। भाजपा और कांग्रेस महिला वाले अजजा क्षेत्र पर फोकस करेगी और उनका प्रयास होगा कि उनका समर्थित प्रत्याशी ही चुनाव जीत सके।*

## भानुप्रतापपुर विकासखंड : जनपद सदस्य के 3, सरपंच के 16 और पंच के 120 अभ्यार्थियों ने दाखिल किया नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- फार्म लेने और जमा करने के लिए 8 केंद्र बनाए गए

भानुप्रतापुर जनपद पंचायत सदस्य के लिए तीन अभ्यर्थियों ने दो क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल किया है, वहीं 16 ग्राम पंचायतों के सरपंच और 20 पंच ने नामांकन दाखिल किया है।

जानकारी के अनुसार जनपद क्षेत्र क्रमांक 05 से योगेश कुमार कोमरा, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 नारायणपुर से जगन्नाथ साहू और जावेद खान ने नामांकन दाखिल किया है। इसके अलावा जनपद क्षेत्र क्रमांक 6 भानबेड़ा से अशोक कुमार सर्फे, जनपद क्षेत्र क्रमांक 14 धनेली से सुनिता मंडावी, जनपद क्षेत्र क्रमांक 11 नारायणपुर से कोमल पटेल, जनपद क्षेत्र क्रमांक 03 सेलेगांव से अनुसुईया टांडिया, जनपद क्षेत्र क्रमांक 13 आसुलखार से रीतू मण्डावी, जनपद क्षेत्र क्रमांक 07 चिचगांव से रमेश कुमार उयके, जनपद क्षेत्र क्रमांक 11 नारायणपुर से गन्नूराम साहू, जनपद क्षेत्र क्रमांक 04 कोरर से आशीष यादव, जनपद क्षेत्र क्रमांक 12 भीरागांव से सेवाराम सलाम, जनपद क्षेत्र क्रमांक 04 कोरर से वीरेन्द्र कुमार कोरेटी, जनपद क्षेत्र क्रमांक 12 भीरागांव से राजू मरकाम ने नामांकन पत्र खरीदा है। सरपंच के लिए 29 जनवरी तक 16 ग्राम पंचायतों में नामांकन जमा हुआ। इसी तरह वार्ड पंच के लिए 120 पंच पद के आवेदन जमा हुए। भानुप्रतापपुर में पंच एवं सरपंच के लिए नामांकन फार्म लेने और जमा करने के लिए 08 केंद्र बनाए गए है, जिसमें पहला संबलपुर में संबलपुर, चवेला, करमोती, कराठी, बोगर, विनायकपुर, बांसला, दूसरा कन्हारगांव में कन्हारगांव,नारायणपुर, मुल्ला,चौगेल, तीसरा केंवटी में केंवटी, परवी, पेवारी, घोठा, आसुलखार, फरसकोट, चौथा भीरागांव में घोटिया, सोनेकन्हार, जातावाड़ा, भीरागांव, पाँचवा कोरर में बैजनपुरी,भैंसाकन्हार डु, डुमरकोट, सेलेगांव, हरनपुरी, कनेचूर, कोरर, कुर्री, चिल्हाटी, डोंगरगांव, छठवां हाटकर्रा में हाटकर्रा, धनेली, तरांदुल,बांसकुण्ड, तुएगुहान, बारवी, हेटारकसा, सातवाँ भानबेडा में भानबेड़ा, मुंगवाल, भेजा, भोड़िया, कुड़ाल, डोंगरकट्टा, चिचगांव, कुल्हाड़कट्टा और आठवां कच्चे में साल्हे, कच्चे, ईरागांव, टेढईकोंदल, भैंसाकन्हार (क), दाबकट्टा ग्राम पंचायत के नामांकन फार्म जमा किए जा सकेंगे।

### अस्पताल में युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्राम आमाझोला निवासी 48 वर्षीय पुनउराम कावड़े का ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में 28 जनवरी को मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि चिकित्सक ने मौत ब्रेन डेड से होना उल्लेख किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# नगरपालिका कांकेर में स्क्रूटनी पश्चात पार्षद पद के 56 और अध्यक्ष के 4 नामांकन सही पाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत 29 जनवरी को जिले के नगरीय निकायों में प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा याने स्क्रूटनी की गई। इसी क्रम में नगरपालिका परिषद कांकेर के लिए प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा हुई, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सभी 04 प्रपत्र विधिमान्य पाए गए। पार्षद पद के लिए प्राप्त 57 प्रपत्रों में से 56 विधिमान्य की श्रेणी में पाए गए और एक आवेदन निरस्त किया गया।रिटर्निंग आफिसर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के लिए नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी पश्चात कांकेर नगर पालिका अंतर्गत 56 पार्षद और अध्यक्ष के लिए 04 नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए, केवल 01 पार्षद उम्मीदवार का नाम निर्देशन पत्र रिजेक्ट किया गया। इसी तरह जिले की नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, पखांजूर और अंतागढ़ में प्राप्त सभी नाम निर्देशन पत्र विधि मान्य पाए गए। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत चारामा में अध्यक्ष पद के लिए 02 ▶▶| शेष पेज 10 पर




- कंकालिनपारा वार्ड के पार्षद प्रत्याशी का नामांकन फार्म किया निरस्त

### 31 जनवरी तक ले सकेंगे नाम वापस

उल्लेखनीय है कि नगरपालिका आम निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा 29 जनवरी को किया गया, वहीं नाम वापसी की तिथि 31 जनवरी दोपहर 3 बजे तक, इसके उपरांत इसी दिन चुनाव चिन्ह का आवंटन होगा। मतदान तिथि 11 फरवरी और प्राप्त मतों की गणना 15 फरवरी को होगी।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल



कोड़कुर्से थाना क्षेत्र में नाबालिग को बहला फुसला कर अपहरण कर ले जाने के बाद शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। उसके बाद पुलिस ने न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार कोड़कुर्से थाने में शिकायत मिलने पर मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी आई. कल्याण ऐलेसिला के निर्देशन, एएसपी संदीप पटेल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी उप निरीक्षक केजूराम रावत के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। मुखबिर एवं तकनीकी मदद से अपहृत बालिका का हैदराबाद में होने की जानकारी मिलने पर अपहृता की पतासाजी कर अपहृत नाबालिग बालिका को आरोपी बालोद जिला के रनचिरई थानांतर्गत ग्राम रजौली निवासी 21 वर्षीय लोकेश कुमार यादव पिता लवकुश यादव के पास से दस्तयाब किया गया। अपहृता को थाना लाकर ▶▶| शेष पेज 10 पर

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

# कांकेर विधायक की पत्नी ने जिला पंचायत सदस्य चुनाव लड़ने खरीदा नामांकन फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ता व मतदाताओं के आव्हान पर बनाया मन
- ग्राम पंचायत बेवरती की पहले रह चुकी हैं सरपंच

कांकेर विधायक आशाराम नेताम की पत्नी व बेवरती की सरपंच सुरेखा नेताम ने जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया है। इसी के तहत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन फार्म खरीदा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के देवतुल्य मतदाताओं ने चुनाव लड़ने का आव्हान किया, उसके बाद परिवार से चर्चा करने के उपरांत चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। बेवरती सरपंच व विधायक की पत्नी सुरेखा नेताम विधायक के निज सचिव बलराम साहू के साथ कलेक्टोरेट नामांकन फार्म लेने पहुँची थी।



नामांकन फार्म लेने के उपरांत मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत बेवरती की सरपंच रह चुकी हूँ। मेरे पास क्षेत्र क्रमांक 01 के देवतुल्य मतदाता आएं थे और चुनाव लड़ने के लिए आव्हान किया था, इसलिए उनके सम्मान में चुनाव लड़ने का मन बनाया। यह क्षेत्र अजजा मुक्त वर्ग के लिए आरक्षित है। देवतुल्य मतदाताओं के आव्हान पर सरपंच से अब जिला पंचायत सदस्य के क्षेत्र क्रमांक 01 में काम करने का ठाना है। बेवरती सरपंच व विधायक की पत्नी सुरेखा नेताम ने कहा कि अब तक अपने पंचायत क्षेत्र तक ही सीमित थीं, लेकिन अब क्षेत्र क्रमांक 1 के सभी गांवों में जाकर प्रचार ▶▶| शेष पेज 10 पर

### समस्याओं को दूर करना प्राथमिकता

विधायक की पत्नी सुरेखा नेताम ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की मदद से बड़ी जीत हासिल करने का लक्ष्य है। जनता की समस्याओं को दूर करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल करने के समय विधायक और कार्यकर्ताओं के साथ पूरी तैयारी के साथ आएंगी। चुनाव प्रचार में भी सभी का सहयोग लेंगी।



## खबर संक्षेप

### उम्र कम होने से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी का नामांकन हुआ खारिज

**फरसगांव**। नगरीय निकाय चुनाव में नगर पंचायत अध्यक्ष हेतु 4 और पार्षद हेतु 39 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र भरा है। बुधवार को नामांकन स्क्रूटनी में अध्यक्ष हेतु आए नामांकन में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी प्रतीक पुजारी का नामांकन खारिज किया गया है। फरसगांव एसडीएम व निर्वाचन अधिकारी अश्वन कुमार पुसाम ने बताया कि फरसगांव नगर निकाय चुनाव में अध्यक्ष हेतु 4 और पार्षद हेतु 39 नामांकन पत्र जमा किया गया। स्कूटनी में अध्यक्ष पद के लिए आए आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी की उम्र कम होने से उनका नामांकन खारिज किया गया है।

### पीड़ित मानव सेवकों के कार्य को मिला सम्मान

**जगदलपुर**। स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने बताया कि जिला स्तर पर गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के हाथों उत्कृष्ट कार्य हेतु स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग के 11 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जिसमें से डॉक्टर वर्षा चौहान, शिशु रोग विशेषज्ञ महारानी अस्पताल, श्रीमती आलो नंदी मेंट्रेन महारानी अस्पताल, खगेश्वरी धुर्वे आरएचओ (फीमेल) आम, बिन्ता, लोहंडीगुड़ा ब्लॉक, संगीता नेताम सीएचओ, आम कोठियागुड़ा लोहंडीगुड़ा, मनीषा चौहान, आरएमए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कचनार, बकावंड, खेमेंद्री पांडे सीएचओ,आम तारापुर, बकावंड, देवाशीष यादव आरएचओ (मेल) आम, चंद्रगिरी दरभा, श्रीमती सुशीला कश्यप आरएचओ (फीमेल) छिंदबहार दरभा रोशमा लकड़ा एएनएम आम बड़े बड़े बोदेनार सीएचसी बड़े किलेपाल, हितेंद्र भोयर आरएचओ (मेल) आम बस्तानार सीएससी बड़े किलेपाल चेतना शर्मा सीएचओ आम पल्लवा ब्लॉक तोकापाल शामिल रहे।

# छात्र- छात्राओं को अधिकारों, कर्तव्यों व भारतीय न्याय व्यवस्था की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासकीय हाईस्कूल करंजी में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और भारतीय न्याय व्यवस्था की जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर का आयोजन उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन और सचिव सुश्री गायत्री साय के कुशल नेतृत्व में किया गया। श्रीमती हसीना खान और कु. जरीना बानो पैरालीगल वालिंटियर ने छात्रों को विभिन्न कानूनों और उनके अधिकारों की जानकारी दी। शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम और मानव तस्करी, पाक्सो एक्ट 2012 और किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह और साइबर अपराध, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, मोटर यान अधिनियम की जानकारी, विद्यार्थियों को किया गया सशक्त। यह शिविर विद्यार्थियों को उनके अधिकारों और कानूनी प्रक्रियाओं से अवगत कराकर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

शासकीय हाईस्कूल करंजी में लगा विधिक जागरुकता शिविर, विद्यार्थियों को सशक्त बनाने की गई पहल



**इनकी रही उपस्थिति**

शिविर में शासकीय हाई स्कूल करंजी के प्राचार्य एसएन पटेल और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव का यह प्रयास विद्यार्थियों को जागरूक करने और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को समझाने की दिशा में सराहनीय पहल रही।

### शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक दो में यातायात विभाग ने चलाया जागरुकता अभियान

# छात्राओं ने कहाः यातायात नियमों का करेंगे पालन व दूसरों को भी करते रहेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में वाहन चालकों व युवाओं को जागरूक करने यातायात अमले द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। विशेषकर युवाओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए स्कूल व कॉलेजों में ट्रैफिक अवेयरनेस कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

- छात्राओं को बताया गया दुर्घटनाओं के कारण व बचाव के उपाय

अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा बुधवार को शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक दो में यातायात जागरुकता का संदेश देते हुए छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए लाइव दुर्घटनाओं के विडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाते हुए जागरूक किया गया। दुर्घटनाओं का लाइव विडियो देखने के बाद छात्राओं व स्कूल स्टॉफ ने एक स्वर में यातायात नियमों का स्वंय पालन करने के अलावा परिजनों व अन्य को भी यातायात नियमों का पालन करने जागरूक करने की बात कही। गौरतलब है कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत एसपी शलभ सिन्हा के मार्गदर्शन एवं एएसपी माहेश्वर नाग के पर्यवेक्षण व डीएसपी ट्रैफिक संतोष जैन के नेतृत्व में विशेष यातायात जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक 2 में मौजूद 120 छात्राओं व स्कूल स्टॉफ को यातायात से संबंधित नियमों के अलावा सड़क दुर्घटना के कारण, रोकथाम व उपाय की जानकारी दी गई। छात्राओं को सम्बोधित करते हुए डीएसपी संतोष जैन, यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग व एएसआई राजकुमार आडील ने छात्राओं को क्षेत्र में पूर्व में घटित सड़क दुर्घटना के कारणों के बारे में बताया एवं समझाया गया। विद्यालय के छात्र छात्राएं तथा अध्यापक एवं स्टाफ द्वार ध्यानपूर्वक सड़क सुरक्षा एवं यातयात से संबंधी बातें को सुनने के बाद यातायात नियमों का पालन करने प्रण लेते हुए कहा कि भविष्य में ट्रैफिक नियमों के प्रति हमेशा सजग रहने के साथ साथ यातायात नियमों के पालन करेगें।



**वाहन में हेलमेट रखकर स्कूटी चलाते मिलीं युवतियां**



यातायात जागरुकता अभियान के तहत कुछ छात्राएं व युवतियां हेलमेट को स्कूटी में रखकर वाहन चलाते हुए मिली जिन्हे यातायात अमले द्वारा समझाइश दी गई। यातायात अमले के एएसआई यतेन्द्र देवागंन को चेकिंग के दौरान देखा कि हेलमेट को स्कूटी के अंदर और झूला में रखा गया था। जिन्हें हेलमेट पहनने की समझाइए दी गई और हेलमेट पहनाकर रवाना किया गया। डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि जानबूझकर कुछ वाहन चालक हेलमेट नहीं पहनते है और दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते है। उन्होंने सभी वाहन चालकों विशेषकर युवाओं से दुपहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेट पहनने की अपील की है।

# टर्की पालन बना किसानों के लिए लाभदायक व्यवसाय, बढ़ रही मांग

**वायलर की तुलना में ज्यादा पौष्टिक**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

पारंपरिक पोल्ट्री व्यवसाय से अलग अब टर्कीपालन एक नए और लाभदायक विकल्प के रूप में उभर रहा है। बढ़ती मांग और उच्च बाजार मूल्य के चलते कई किसान और उद्यमी ब्रायलर मुर्गी के बजाय टर्की पालन की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

टर्की मुख्य रूप से अमेरिका और यूरोप में पाले जाने वाला पक्षी है। लेकिन अब भारत में भी इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। टर्की स्वास्थ्यवर्धक और उच्च प्रोटीन युक्त होता है, जिससे यह हेल्थ कॉन्शियस लोगों के बीच खासा पसंद किया जाता है। ब्रायलर मुर्गी पालन की तुलना में टर्की पालन करने वाले किसान बहुत कम हैं। जिससे बाजार में प्रतिस्पर्धा भी कम है। अच्छा मुनाफा टर्की की कीमत ब्रायलर मुर्गी से अधिक होती है, जिससे किसानों को बेहतर रिटर्न मिलता है। टर्की में रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है, जिससे पोल्ट्री किसानों को नुकसान का खतरा कम रहता है।

# बड़े धाराऊर से तनुजा ने रैली निकालकर जनपद सदस्य का भरा फार्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा विकास खंड में पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप के नेतृत्व में बड़े धाराऊर जनपद सदस्य प्रत्याशी ने रैली निकालकर लोहण्डीगुड़ा जनपद पंचायत कार्यालय पहुंच निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामंकन पत्र दाखिल किया। रैली के दौरान प्रत्याशी ने क्षेत्रवासियों का आशीर्वाद लेते आगे बढ़े। जिनके साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी शामिल हुए, प्रत्याशी तनुजा ठाकुर ने बड़े धाराऊर क्षेत्र क्रमांक 6 से जनपद सदस्य का नामांकन जमा किया हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मंगतू कश्यप ने कहा कि जिस तरह लोगों का यह हुजूम दिख रहा है निश्चित तौर पर यहां लोहण्डीगुड़ा मंडल में सभी भाजपा से प्रत्याशीयों का बड़ी अंतराल के साथ जीत होगी। हमारी सरकार ने जो क्षेत्र में काम किया है उससे लोग भली भांति परिचित हैं का स्नेह भाजपा के उमीदवार को इसका अच्छा फायदा मिलेगा। इस दौरान भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर,जनपद सदस्य बसंत कश्यप,भरत कश्यप,ओमप्रकाश ठाकुर, रूकमनी कश्यप, लोकेंद्र ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस पर निकली स्वास्थ्य विभाग झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

गणतंत्र दिवस पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की जिला बस्तर की झांकी में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजना निश्चय निरामय की थीम पर आधारित झांकी का निर्माण कर लालबाग के परेड मैदान में प्रदर्शित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक और जिला प्रोग्राम मैनेजर डॉक्टर रीना एवं जिला टीकाकरण, एनटीईपी अधिकारी डॉ. सीआर मैत्री के निर्देशन में लगातार तीन दिनों की मेहनत कर इस झांकी का निर्माण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शकील खान प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी, बसंत पांडा जिला सलाहकार मलेरिया, कमलेश वर्मा जिला सलाहकार टीबी, हनी



गडलीब जिला सलाहकार एनसीडी, राजेंद्र माली जिला कुष्ठ सलाहकार के साथ प्रशांत श्रीवास्तव सुपरवाइजर, नरेश मरकाम सुपरवाइजर, दिनेश पराते सुपरवाइजर, चेतन कश्यप, सुरेश कुमार, बोटी राम संदीप हालदार का विशेष योगदान रहा। झांकी में मॉडल के रूप में आरबीएसके की नानगुर की टीम डॉ. आरएस चतुर्वेदी के नेतृत्व में और मितानिन बहने शहरी क्षेत्र का भी शानदार योगदान रहा।

# स्मार्ट क्लास, लैब और कंप्यूटर रुम के लिए फर्नीचर एवं उपकरणों की करें शीघ्र व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- कलेक्टर ने किया केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज कनेरा रोड स्थित केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं का अवलोकन करते हुए स्मार्ट क्लास, लैब और कंप्यूटर रूम के लिए आवश्यक फर्नीचर एवं उपकरणों की शीघ्र व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खेल सुविधाओं की भी समीक्षा की। वॉलीबॉल कोर्ट सहित अन्य खेल मैदानों के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने सभी शेष कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ मार्च माह से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि विद्यालय को जल्द से जल्द सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।

# डॉ. नवीन दुल्हानी को इंडियन कॉलेज ऑफ फिजिशियन ने दी फेलोशिप




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कोलकाता में बीते दिनों एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया (एपीआई) की नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें बस्तर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ. नवीन दुल्हानी को इंडियन कॉलेज ऑफ फिजिशियन ने फेलोशिप दी। बताया जा रहा है कि डॉ. दुल्हानी बस्तर संभाग के ऐसे पहले डॉक्टर हैं, जिन्हें इंडियन कॉलेज ऑफ फिजिशियन ने फेलोशिप दी है। इसके अलावा पिछले महीनों जगदलपुर में आयोजित एपीकॉन सीजी 2024 के लिए नेशनल बेस्ट सिटी का द्वितीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा डॉ. दुल्हानी ने महीनों तक हिचकी की समस्या से जूझ रहे मरीजों के इलाज पर अपना शोध भी प्रस्तुत किया। विदित हो कि डॉ. दुल्हानी के अलावा छत्तीसगढ़ के 3 अन्य डॉक्टरों को भी इंडियन कॉलेज ऑफ फिजिशियन ने फेलोशिप दी है।

- जगदलपुर एपीआई को मिला नेशनल बेस्ट सिटी का द्वितीय पुरस्कार

# मल्लिकार्जुन का बयान आपत्तिजनक : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कोटि-कोटि सनातन धर्मप्रेमियों की आस्था पर आघात करते हुए इस आयोजन को लेकर जो बयान दिया है, सनातनप्रेमियों के साथ ही भारतीय जनता पार्टी भी उसे घोर आपत्तिजनक मानती है।

भाजपा जिला अध्यक्ष पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्यप्रदेश के महू में महाकुंभ के आयोजन को लेकर कहा है, 'गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी खत्म होगी क्या? आपको खाना मिलता है क्या? जब बच्चा भूखा मर रहा है, बच्चा स्कूल नहीं जा रहा, मजदूर को मजदूरी नहीं मिल रही, तब हजारों रुपये खर्च करके कम्पटीशन में डुबकियां मार रहे हैं। ऐसे लोगों से देश की भलाई नहीं होने वाली है।'कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने यह कहकर माँ गंगा का अपमान करके अक्षम्य अपराध किया है। विश्व भर के हिंदू, जो इन दिनों प्रयागराज पहुँचकर सदी इस ऐतिहासिक महाकुम्भ में भागीदार बनकर स्वयं में धन्यता का अनुभव कर रहे हैं, कांग्रेस के बयान से आहत और आक्रोश से भरे हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा महाकुंभ और गंगा स्नान पर की गई टिप्पणी ने देश के करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। खड़गे ने न केवल महाकुंभ जैसी पवित्र परंपरा का मजाक उड़ाया है, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि कांग्रेस की मानसिकता हिंदू विरोधी ही है।



# ओडिशा की बीयर के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ओडिशा से शराब लेकर छग में खपाने का प्रयास कर रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से हजारों रूपए की ओडिशा निर्मित बीयर जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया। शराब तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ सिन्हा व एएसपी महेशवर नाग के मार्ग दर्शन, एसडीओपी भानपुरी प्रवीण भारती के परवेक्षण में थाना प्रभारी बकावण्ड डोमेन्द्र सिन्हा के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा द्वारा बकावण्ड क्षेत्र के कौडावण्ड चौक में घेराबंदी कर आरोपी जीना भतरा 28 वर्ष निवासी माझी धनवा, कोसागुमडा जिला नवरगपुर ओडिशा को बाईक क्रमांक सीजी 17 एच 4505 के साथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से बीयर जब्त किया गया। आरोपी कौडावण्ड के रास्ते सोनारपाल निवासी भुनेश्वर मौर्य के साथ बेचने का प्रयास किया जा रहा था दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हे न्यायिक मिराण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में एएसआई मधुसुदन सिंह ठाकुर के अलावा प्रधान आरक्षक नकुल नाग कश्यप. लचक्षिमनाथ कश्यप, आरक्षक भीषम ठाकुर, भोलाराम कश्यप व मनोज नाग की अहम भूमिका रही।



## पेज 9 के शेष

### नगरपालिका कांकेर...

और पार्षद के लिए 39, भानुप्रतापपुर में अध्यक्ष पद के लिए 02, पार्षद के लिए 34, अंतागढ़ में अध्यक्ष के लिए 06 और पार्षद के लिए 42 तथा नगर पंचायत पखांजूर में अध्यक्ष के लिए 06 और पार्षद के लिए 47 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से सभी स्क्रूटनी उपरांत सही पाए गए।

### शादी का झांसा...

पूछताछ कर कथन लिया गया। जिसने अपने कथन में बताया कि लोकेश यादव पिता लवकुश यादव ने तुमको पसंद करता हूं, शादी करूंगा बोल कर 30 अक्टूबर को बालोद बुलाकर अपने साथ ग्राम डुड़यि ले गया और अपने परिचित के घर रखा था। नाबालिग जानते हुए मना करने के बावजूद तुमसे शादी करूंगा बोलकर बहला फुसलाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। आरोपी के खिलाफ धारा 87, 64 (1) बीएनएस 4,6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी घटित करना स्वीकार किया। आरोपी को 29 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। ***कार्रवाई में इनका रहा योगदान :*** संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी कोड़ेकुर्से उप निरीक्षक केजूराम रावत, उप निरीक्षक उर्मिला साहू, सउनि सतीश जाधव, महिला आरक्षक गुमलेश्वरी गोटा, रंजिता मरकाम, आरक्षक अजीत रावटे, अजीत सिन्हा का योगदान रहा।

### कांकेर विधायक की...

करूंगी। क्षेत्र क्रमांक 01 के विकासखंड कांकेर की 33 ग्राम पंचायत और नरहरपुर विकासखंड की 36 ग्राम पंचायत आते हैं। इस क्षेत्र से वह और मेरे पति विधायक आशाराम नेताम पूरी तरह से रूबरू है। विधायक बनने के बाद एक एक गाँव पहुँचकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना है और उनका निराकरण भी किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुझे चुनाव लड़ने के लिए कहा, तभी मैंने इस बात को अपने परिवार के साथ साझा किया। परिवार के मध्य सहमति बनने के उपरांत चुनाव लड़ने का निर्णय ली हूँ।

खबर संक्षेप

## शहीदों के शहादत व उनके कर्तव्य को किया आत्मसात



**दरभा।** 241 बस्तरिया बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा 26 जनवरी को 76वां गणतत्र दिवस बहुत ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हरविंदर सिंह कमाण्डेन्ट 241 बटालियन द्वारा क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली गयी तथा देश की आन बान एवं शान के लिए रणबाकुरों के शहादत एवं उनके कर्तव्य को आत्मसात करते हुए देश प्रथम की भावना को संकल्पित किया गया। इस अवसर पर पिछले वर्ष के दौरान विविध पदकों से अलंकृत किए गये मरणोपरान्त एवं सेवारत अधिकारियों एवं कार्मिकों के नाम को सभी जवानों को सुनाया गया एवं प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही जवानों को कमाण्डेन्ट 241 बटालियन की तरफ से मिठाई वितरित किया गया एवं सेडवा गांव में तिरंगे के साथ बाईक रैली निकालकर ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को जागरूक कर उन्हें तिरंगे के साथ मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। इस अवसर पर हरविंदर सिंह कमाण्डेन्ट 241 बटालियन, विकास कुमार उप कमाण्डेन्ट, जगताप विनायक सदाशिव सहायक कमाण्डेन्ट, डॉ. निकिता आर. नायडू चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

## निधन

### यशोदा तिवारी

**जगदलपुर।** शहर के प्रताप देव वार्ड निवासी यशोदा तिवारी का बुधवार दोपहर 2 बजे एमपीएम हॉस्पिटल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे 77 वर्ष की थीं और कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। यशोदा तिवारी अपने मिलनसार स्वभाव और सरल व्यक्तित्व के लिए जानी जाती थीं। उनके निधन से परिवार, मित्रों और समाज के लोगों में गहरा शोक व्याप्त है। वे वंदना तिवारी, सतीश तिवारी, प्रशांत तिवारी एवं श्रीकांत तिवारी की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार प्रातः 9 बजे मुक्तिधाम में संपन्न होगा, जहां परिवारजन, रिश्तेदार एवं शुभचिंतक अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।



### गंगादेवी चांडक

**जगदलपुर।** शहर के माहेश्वरी समाज की वरिष्ठ सदस्या गंगादेवी चांडक पत्नी स्व. अमृतलाल चांडक का आज निधन गया है। वह ईस्वर लाल की भाभी एवं शंकर लाल चाण्डक की चाची थी एवं ओम प्रकाश, चेतन, रमेश, संजय चांडक की माता थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गईं। उनका बुधवार को दोपहर निवास स्थान संजय मार्केट से अंतिम यात्रा मुक्तिधाम के लिए निकली जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं अन्य शामिल हुए।



### जगतार सिंह साहनी

**जगदलपुर।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी देवेन्द्र सिंह साहनी, जितेन्द्र सिंह साहनी के भाई एवं रिपेंद्र सिंह साहनी (रिम्पी) के पिता जगतार सिंह साहनी (फर्म तीरथ सिंह मनमोहन सिंह पेट्रोल पंप) का निधन हो गया है। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को दोपहर लालबाग स्थित निवास स्थान से मुक्तिधाम के लिए निकली जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं व्यवसायी शामिल हुए।



## विभागीय कार्यालयों में अधिकारियों व नेताओं ने किया ध्वजारोहण

# 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोंटा ब्लॉक मुख्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास केसाथ मनाया गया। नियमित समयावधि के दरमियां नगर में मौजूद प्रमुख चौक व विभागीय कार्यालयों में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण हर्षोल्लास से संपन्न हुआ।

नगर के थाना प्रांगण में एडिशनल एसपी आकाश राव गिरपुंजे ने पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रताप चंद्राकर थाना प्रभारी सोनल ग्वाला तथा थाना परिवार के समस्त स्टाफ व डीआरजी जवानों के साथ ध्वजारोहण कर सलामी दी। एसडीएम शाबाब खांन ने कार्यालय प्रांगण में समस्त जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों तथा शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र छात्राओं की उपस्थित में ध्वजारोहण किया। तहसील कार्यालय में तहसीलदार योगेंद्र कुमार पात्रे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिपेश कुमार चंद्राकर, पीडब्ल्यू कार्यालय में प्रकाश प्रधान, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पी. श्रीनिवास राव, फॉरेस्ट विभाग के एसडीओ अजय कावरे ने एसडीओ कार्यालय कोंटा व परिक्षेत्र कार्यालय कोंटा में ध्वजारोहण किया। कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य एस के दीप ने तो वही सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में वरिष्ठ भाजपा नेता एम राजबाबू ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ ध्वजारोहण किया।

शा.कन्या माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम शाला में प्रधानाध्यापक सुशील श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया। साथ ही ब्लॉक मुख्यालय कोंटा में संचालित अन्य विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में संस्था के प्रमुखों ने ध्वजारोहण किया। नगर के अंबेडकर चौक व अटल चौक में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता उदयराज सिंह एम राजबाबू, एंकटरवन्ना रेड्डी, पी गणेश, पूर्व मंडल अध्यक्ष जी.साई रेड्डी, बी रामू तथा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ ध्वजारोहण किया। वहीं महात्मा गांधी वार्ड पुरानी बस्ती में उस्मान अली, जयस्तंभ चौक में बोड्डू राजा, भारत माता बस स्टैंड प्रांगण में सेमल कुमारी, राजीव गांधी मंच में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर पांडेय तथा अंजुमन इस्लामिक कमेटी के मदरसा में शेख मुनीर ने ध्वजारोहण किया।

बीआरसी कार्यालय में वीरभद्र राव बीआरसी एवं जनपद पंचायत कार्यालय में सीईओ नारद मांझी के साथ जनपद अध्यक्ष सुन्नम नागेश ने ध्वजारोहण किया। सभी विभागीय कार्यालयों छात्रावासों आश्रमों एवं चौक चौराहों में ध्वजारोहण पश्चात आत्मानंद स्कूल परिसर में शहीद जवानों के छायाचित्र पर पुलिस के आला अधिकारियों व नेताओं ने माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर श्रध्दांजलि अर्पित की गई।

## शक्ति प्रदर्शन करते हुए किया नामांकन दाखिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

नगर पालिका में भाजपा-कांग्रेस पार्टी के साथ-साथ सीपीआई और बागी प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन दाखिल किया है।

गौरतलब हैं कि नगरीय निकाय चुनाव के लिए 22 जनवरी से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई थी जिसका अंतिम दिन 28 जनवरी रहा। 29 और 30 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद 31 जनवरी को नाम वापसी और चुनाव चिन्हों का आवंटन होगा।

बीजेपी के बड़े नेता सुनील साहू और नीलेश पाटले ने पार्टी के टिकट को ठुकराते हुए पार्षद पद के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया, वही कांग्रेस के बड़े और पुराने नेता कुमार स्वामी झाड़ी को टिकट नहीं मिलने से पार्टी के कई कार्यकर्ता में नाराजगी दिखी।

कुमार स्वामी झाड़ी अपने वार्ड से पार्षद पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशियों के रूप में नामांकन भरा है। उनका सामना कांग्रेस के ही पिछले सत्र के नगर पालिका उपाध्यक्ष उस्मान खान और बीजेपी के पार्षद उम्मीदवार दीपक सरकार मोना से होगा।

सीपीआई से नरेन्द्र सोनी ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा हैं, बीजेपी से राजू जायसवाल और कांग्रेस से श्रीमती पूजा साव ने नामांकन भरा हैं।

## हमारे कार्य ही हमारी जीत के दावे के आधार हैं: चैतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

हम दीनदयाल के अंत्योदय के सिद्धांत अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे इस हेतु कार्य करते हैं उपरोक्त बातें दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने पंचायत चुनाव विषय पर प्रेसनोट जारी कर कही।



विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करते हुए पहले 18 लाख प्रधानमंत्री आवास पर हस्ताक्षर किए फिर अपने निवास गए। अब हितग्राहियों के मकान बनने प्रारंभ हो गए हैं व 180000 पूर्ण भी हो चुके हैं। अगर यह मकान 5 वर्ष पहले बन जाते तो हमें ज्यादा खुशी होती। उन्होंने कहा जिस कार्यकर्ता को गरीबों के उनके आवास दिलाने के लिए आंदोलन का नेतृत्व सौपा उसे ही मंत्री बनाकर गरीबों को आवास बांटने का काम बीजेपी की सरकार ही कर सकती है। उन्होंने कहा के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जनमन के तहत विशेष संरक्षित जनजातियों के पूरे देश के लक्ष्य में से 51 प्रतिशत सड़के सिर्फ छत्तीसगढ़ को मिली है। देश में 4781 किलोमीटर की लंबाई के विपरीत सिर्फ छत्तीसगढ़ राज्य में 2449 किलोमीटर लंबाई की सड़क स्वीकृत की गई। अटामी ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक पहलु, चाहे वह खेती की, किसानी की बात हो, उद्यानिकी की बात हो, सड़क, गाय, ग्राम पंचायत या ग्रामीण जनजीवन हो भाजपा ने जनहित में उसे प्रभावित किया है। उन्होंने कहा हमने आदिवासी बंधुओ के जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता की खरीदी की इससे 12 लाख परिवार को 240 करोड़ की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई व चरण पादुका का वितरण पुनः प्रारंभ करने का कैबिनेट ने निर्णय लिया।

## विज्ञान, गणित विषय के ज्ञान को बढ़ावा देने स्पर्धा



**बस्तर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत खण्ड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन सेजेस बस्तर में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में सेजेस बड़ेचकवा, सेजेस बस्तर, कन्या शिक्षा परिसर परचंपाल, हायर सेकेंडरी बालेंगा हायरसेकंडरी बड़ेचकवा के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील कुमार तिवारी ने जानकारी में बताया कि बच्चों में विज्ञान, गणित विषय के ज्ञान को बढ़ावा देने यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता में विज्ञान व गणित विषय से सम्बंधित तैयार सवाल ही प्रतिभागियों से पूछे गए। जिसमें सेजेस बस्तर व बड़ेचकवा शाला से जिले के लिए नाम का चयन किया गया। उक्त अवसर पर प्राचार्य सेजेस बस्तर मनोज सिंह चौहान, श्रीनिवास तिवारी, कुलेश्वर यादव और बड़ी संख्या में शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे।

## अति नक्सलवाद इलाके में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



165वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा जिले के दूरदराज व अति नक्सलवाद प्रभावित इलाके जैसे जगरगुंडा, कुंदेर, बेदरें, गोलकुंडा स्थानों पर गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। बाइक रैली, हर घर तिरंगा, आदि कार्यक्रमों में स्कूल के बच्चों तथा स्थानीय लोगो ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। देश के 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 165 वाहिनी सीआरपीएफ के सभी अधिकारियों एवं जवानों इस राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के बीच मिठाइयाँ भी वितरित की गईं जिससे उत्सव का माहौल और भी उल्लासित हो गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर वाहिनी के चिकित्साधिकारी द्वारा मेडिकल कैंप लगाकर ग्रामीण लोगों का इलाज किया गया।

## गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों नें दिखाई प्रतिभा, डीएवी स्कूल रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

आत्मानंद स्कूल प्रांगण में गणतंत्रता दिवस के मुख्य कार्यक्रम में बच्चों नें दर्शकों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में डीएवी स्कूल प्रथम स्थान पर रहा है।

कार्यक्रम को सफल बनाने समिति का गठन किया गया, जिसमें ब्लाक में सभी विभागों को जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकी कोरम ने ध्वजारोहन कर झंडे को सलामी दी व राष्ट्रीयगान गाया। उसके बाद सभी स्कूलों से आए बच्चों नें अपनी प्रतिभाएं दिखाई सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर शिक्षको, पालको और दर्शकों का मन मोह लिया।

बच्चों ने देश भक्ति गीत पर प्रस्तुति दी। जिसमें पहला स्थान डीएवी स्कूल को मिला, वही जूनियर वर्ग से प्राइमरी स्कूल भोपालपटनम प्रथम रहा। कार्यक्रम में विभागीय स्टाल भी लगाए गए अथितियों ने उसका अवलोकन किया। शाम को आंनद मेले का आयोजन भी समिति द्वारा किया गया।





हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एसडीएम यसवंत नाग, डिप्टी कलेक्टर दिलीप उईके, तहसीलदार, लक्ष्मण राठिया, बीईओ प्रवीण लाल कुड़ेम, बीआरसी, शंकर यालम, प्राचार्य एन राजेश व अन्य अधिकारी का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन मकबूल अहमद व संजय चितुर ने किया।

## मुख्य महाप्रबंधक ने किया ध्वजारोहण

**किरंदुल।** लौह नगरी किरंदुल की फुटबॉल ग्राउंड में देश का 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि संजीव शाही मुख्य महाप्रबंधक तथा प्रेमलाल यादव परियोजना के वरिष्ठ कर्मचारी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि ने सीआईएसएफ जवानों, एनसीसी कैडेट, एनएसएस एवं स्कूल छात्र-छात्राओं की परेड की सलामी ली। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने देश के विकास में एनएमडीसी द्वारा दिए जा रहे महत्वपूर्ण योगदान बताया गया। परियोजना कर्मचारियों से उत्पादन-उत्पादकता के कीर्तिमान हासिल करने की अपील एवं सीएसआर के तहत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे विकासात्मक कार्यों को भी बताया। मुख्य अतिथि ने बेस्ट वर्कर पुरस्कार एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किए। प्रकाश विद्यालय द्वारा राष्ट्रीय गान एवं एकता गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यामंदिर स्कूल एवं भारतमाता स्कूल, गायत्री ग्रामोत्थान सेवा समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा डीएवी, केवीएस, बीआईओपी स्कूल एवं प्रकाश विद्यालय द्वारा सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुतियां की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा आनन्द मेले का भ्रमण किया गया। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या में परियोजना चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को मंजू साही, अध्यक्षा प्रेरणा महिला समिति ने अपनी सदस्याओं के साथ फल वितरित कर मरीजों के सुखद स्वस्थ जीवन की कामना की गई।



## बटालियन ने दिए युवाओं को खेल सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सूरज पाल वर्मा पुलिस उप महानिरीक्षक परिचालन रेन्ज कोन्टा के मार्गदर्शन एवं विजय शंकर कमांडेन्ट के नेतृत्व में 217 वीं वाहिनी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कोन्टा, छत्तीसगढ़ राज्य के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र जिला सुकमा थाना क्रिस्टाराम के धर्मापेंटा गांव में ई 217 वीं बटालियन केरिपु बल द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में विरेन्द्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, 217 वीं वाहिनी के द्वारा लोगों को सरकारी सुविधा के प्रति जागरूक किया गया एवं उनसे हिंसा त्याग कर समाज की मुख्यधारा से जुडने की अपील की गई। उन्होंने लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित कर बेहतर जीवन जीने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को प्लास्टिक पानी टंकी, युवाओं को खेल सामग्री, बच्चो को चप्पल तथा महिलाओं को साडी वितरित किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों के लिए डॉ. अमितावा साहु सीएमओ 217 वीं वाहिनी के द्वारा चिकित्सा कैम्प का आयोजन भी किया गया जिसमें ग्रामीणों का चिकित्सा जांच किया गया तथा आवश्यकतानुसार निः शुल्क दवा वितरण किया गया। लोगों को क्षेत्र में व्याप्त बिमारियों से अवगत करवाया तथा उससे बचाव संबंधी उपाय के बारे में बताया गया। इस अवसर पर हितेश प्रधान सहायक कमाण्डेंट के साथ अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवान भी उपस्थित थे।

## कांग्रेस के अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशियों ने नामांकन भरा, विधायक भी रहे मौजूद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

क्षेत्रीय विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में नगर पंचायत बस्तर के चुनाव के लिए कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों ने रैली निकालकर दमखम के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंच निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रैली के दौरान प्रत्याशिगण नगरवासियों का आशीर्वाद लेते आगे बढ़ रहे थे जिनके साथ सैकड़ों कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

बस्तर नगर पंचायत में कांग्रेस की अध्यक्ष पद की उम्मीदवार देवकी भद्रे सहित 15 वार्ड के पार्षद प्रत्याशी एक साथ नामांकन जमा किया। बस्तर विधायक ने कहा कि जिस तरह लोगों की यह हुजूम दिख रही हैं निश्चित तौर पर यहां कांग्रेस की बड़ी अंतराल के साथ जीत होगी। हमनें जो बस्तर में काम किया हैं उससे लोग भली भांति परिचित हैं। बस्तर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी की सूची इस प्रकार हैं जो आज नामांकन दाखिल किया। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी देवकी भद्रे, कस्तूरबा गांधी वार्ड सुंदरी बघेल, महात्मा गांधी वार्डसुमित्रा पटेल, भैरम वार्ड राजकुमारी परिहार, राजेंद्र प्रसाद अनूप कुमार तिवारी, महारानी लक्ष्मी वार्ड नरसिंह नाग, भगतसिंह वार्ड अनिल परिहार, महादेव वार्ड पूरनसिंह सूर्यवंशी, प्रवीण चंद्र भंजदेव वार्ड भागरथी बघेल, इंदिरा वार्ड धनेश्वर कश्यप, माता गंगादेई वार्ड भागरथी यादव, अम्बेडकर वार्ड सीताराम बघेल, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अंकित पारख, शिवाजी वार्ड उषा नाग, श्यामा प्रसाद मूखर्जी वार्ड लखबती मौर्य, सुभाषचंद्र बोस वार्ड कमला बघेल हैं।

इस दौरान मौजूद रहे ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, फतेहसिंह परिहार, दिनेश यदु,गोपाल तिवारी, चंपा ठाकुर, गणेश बघेल, आशीष मिश्रा, बैद्यनाथ मौर्य, तन्तिपा, महेंद्र, हुशेन खान, छोटू, पिंटू, राजशेखर, अनिल, धरम, जितेंद्र, सत्येंद्र, राजेश, एवं समस्त देवतुल्य कार्यकर्त्तागण व नगरवासी भाई, माता, बहनें उपस्थित रहे।

## सीएमएचओ ने किया सिविल अस्पताल का निरीक्षण

**जगदलपुर।** स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, नोडल अधिकारी डॉ. सीआर मैत्री एवं नोडल अधिकारी डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन के साथ बुधवार को बस्तर ब्लॉक के सिविल अस्पताल भानपुरी पहुंचे। सीएमएचओ सिविल अस्पताल भानपुरी में निक्षय निरामय कार्यक्रम के तहत अब तक हुए सर्वे एवं स्पूटम जांच, एक्स-रे के बारे में जानकारी प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी बस्तर डॉ. नारायण नाग से प्राप्त की। इस अवसर पर डॉ. अमित शर्मा चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी सिविल अस्पताल भानपुरी एवं शोभा कामले नसिंर्ग सिस्टर के साथ पूरे अस्पताल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसबी सिंह, रेडियोग्राफर अजय मंडल के साथ ब्लाक कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र बघेल सिविल अस्पताल भानपुरी के अन्य सभी स्टाफ के साथ मौजूद थे। उक्त जानकारी प्रभारी मीडिया अधिकारी शकील खान द्वारा दी गई है।



Health Town

K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# एकलव्य प्रवेश परीक्षा तैयारी के लिए विद्यार्थियों को वितरित की गई पुस्तकें

## दुर्गुकोंदल अंतर्गत समग्र शैक्षिक संकुल केंद्र सुरंगदोह में वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

■ कक्षा छठवीं में मिलेगा प्रवेश, 12वीं तक सरकार देगी फीस

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत समग्र शैक्षिक संकुल केंद्र सुरंगदोह 1 में कक्षा पांचवी में अध्यनरत विद्यार्थियों के एकलव्य प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए प्रत्येक प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों को एक-एक सेट पुस्तक एबीईओ अंजनी मंडावी के द्वारा वितरित की गई। जवाहर उत्कर्ष योजना, एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा, नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए विकासखंड के प्रत्येक शासकीय प्राथमिक शाला में एक कक्षा निर्धारित कर गहन तैयारी करवाई जा रही है। इसी तारतम्य में पुस्तक वितरण किया गया है ताकि संकुल एवं विकासखंड में अधिक से अधिक विद्यार्थियों का चयन करवाकर लाभ दिलाया जा सके। बीईओ एसपी कोसरे ने सभी प्रधान पाठकों को कक्षा पांचवी अध्यनरत विद्यार्थियों को आगामी जवाहर उत्कर्ष परीक्षा, एकलव्य प्रवेश परीक्षा तैयारी के लिए निर्देशित किया है। बीईओ ने बताया कि जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत विद्यार्थी राज्य के बेहतर निजी शालाओं में कक्षा 6 वी में प्रवेश ले सकेंगे तथा कक्षा 12 वीं तक संपूर्ण फीस सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। सभी प्रधान पाठकों से अपील की है कि पांचवी अध्यनरत विद्यार्थियों का अधिकाधिक आवेदन हार्ड कॉपी में विकासखंड शिक्षा कार्यालय दुर्गुकोंदल में 20 फरवरी तक जमा करवाए।

### 2 मार्च को होगी परीक्षा

मंडल संयोजक एवं एकलव्य प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने बताया कि एकलव्य कक्षा छठवीं प्रवेश परीक्षा पूर्व में 16 फरवरी को निर्धारित थी, किंतु आचार संहिता के प्रभाव के कारण नई संशोधित समय सारणी जारी की गई है जिसके अनुसार यह परीक्षा 2 मार्च को आयोजित की जाएगी।



### तैयारी कराने प्रोजेक्टर का भी इस्तेमाल

इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक शालाओं में भी राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी के लिए कक्षाएं संचालित है, जिसमें विद्यार्थियों को मानसिक योग्यता और गणित के कठिन प्रश्नों को हल करवाने प्रोजेक्टर का इस्तेमाल करवाया जा रहा है जिससे क्षेत्र के अधिक से अधिक विद्यार्थियों का चयन करवाया जा सके जिसका सघन निरीक्षण बीआरसी सोम द्वारा किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराया, बड़ा हादसा टला

**चारामा।** नेशनल हाईवे 30 पर एक बड़ा हादसा होने से टल गया। आज एक अनियंत्रित ट्रक ग्राम जैसा कर्रा के पास बालिका छात्रावास के नजदीक हाईवे के डिवाइडर से टकरा गई। बताया जा रहा है कि ट्रक की रफ्तार इतनी अधिक थी कि वह करीब 20 मीटर तक डिवाइडर पर चढ़ गई। चारामा क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनाओं की शिकायतें मिल रही हैं। स्थानियों का कहना है की कुछ जगहों की सड़कें रेत परिवहन के चलते खराब हो चुकी हैं तो साफ और सही हालत में होने के बावजूद भी तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### इलाज के दौरान हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सीएचसी पखांजुर में 27 जनवरी को सुबह साढ़े 11 बजे बालोद जिला सुरेगांव निवासी 28 वर्षीय सुनील कुमार करथाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। करथाल निवासी कविता ने पुलिस को बताया कि मृतक का तबियत खराब होने के कारण ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### स्वीप के तहत मैराथन दौड़ होगी 1 फरवरी को

**कांकेर।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतदाता जागरुकता अभियान के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार क्षीरसागर के मार्गदर्शन में आगामी 01 फरवरी शनिवार को जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर सभी अनुविभाग अंतर्गत दौड़ लगाएगा कांकेर। मतदान करेगा कांकेर की तर्ज पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं मुख्य नगरपालिका एवं नगर पंचायत अधिकारी को स्थानीय स्तर पर तैयारी कर रहे युवाओं के मध्य प्रचार-प्रसार करते हुए मैराथन दौड़ का आयोजन करने के लिए निर्देशित किया है। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत मैराथन दौड़ आयोजित जाएगी और साथ ही स्वीप के तहत विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर सुखई में 1 फरवरी से

**दुर्गुकोंदल।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा द्वारा पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर ग्राम सुखई में 1 फरवरी से शुरू होगा। जिसकी कार्य योजना बनाने एवं प्रचार प्रसार के लिए ग्राम सभा का आयोजन कर योग शिविर का विस्तृत जानकारी दिया गया। इस अवसर पर बज्जू कोमरा, तुलसी माहवे, किशोर विश्वकर्मा, बिहारी लाल, महावे, बंसीलाल महावे, भारत लाल सलाम, चिन्नीलाल नरेटी, सत्यनारायण जैन, किशोर कुमार जैन, सामसाय दुग्गा, मुकेश गावड़े, कृष्णा जैन एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

नक्सलमुक्त करने तर्रेम से पामेड़ के बीच दर्जन भर से अधिक नए पुलिस कैम्प खोले गए, कई कम्पनी तैनात

# 4 दशक में दर्जनों मुठभेड़, 60 से अधिक जवान शहीद

# तर्रेम-पामेड़ मार्ग नक्सलियों के चगुंल से हुआ मुक्त

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

■ जिला मुख्यालय बीजापुर से पामेड़ की दूरी लगभग 150 किमी

बीजापुर व सुकमा जिले की यह सड़क तेलगांना बार्डर से लगा हुआ है दशकों तक यहां नक्सलियों का एकछत्र राज हुआ करता था, लेकिन अब क्षेत्र कि स्थिति यहां की फिजा में बदलाव देखने को मिल रहा है। हम बात कर रहे है बीजापुर जिले के तर्रेम से होते हुए तेलगांना के करीब पामेड़ तक के मार्ग की जिसका निर्माण बार्डर रोड आर्गेनाइजेशन द्वारा किया जा रहा है। इस मार्ग के निर्माण के लिए सुरक्षाबलों की कई कम्पनियों को तैनाती करते हुए आधा दर्जन से अधिक नए पुलिस कैम्प खोले गए। इलाके से नक्सलियों को खदेड़ने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया गया। इलाके के लोगों को पामेड़ पहुंचने के लिए तेलंगाना राज्य के चेरला होकर पामेड़ जाना पड़ता था। इसके लिए लोगों को 210 किलोमीटर की दूरी तय करके बीजापुर से पामेड़ तक पहुंचते थे लेकिन इस मार्ग के निर्माण से यह दूसरी अब लगभग 120 किमी रह जाएगी तथा 100 किमी की अतिरिक्त दूरी तय नहीं करना पड़ेगा। नक्सलियों के मांद कहे जाने वाले कोरागुट्टा में फोर्स का डेरा लगते ही 40 सालों से बंद पड़े बीजापुर से तर्रेम होकर पामेड़ जाने वाले रास्ते को फिर से बहाल करा दिया गया है। फिलहाल इस मार्ग पर सड़क व पुल-पुलिया निर्माण का काम चल रहा है। इस मार्ग के खुल जाने से अब लोगों को पामेड़ पहुंचने के लिए तेलंगाना होकर जाने की बाध्यता खत्म हो जाएगी और सौ किलोमीटर का फासला भी बच जाएगा। लगभग चार दशक बाद यह सड़क नक्सलियों के चंगुल से आजाद हुई है। पिछले चार दशक की बात करें तो तर्रेम से पामेड़ तक के मार्ग में सुरक्षाबलों को निशाना बनाते हुए नक्सलियों ने कई हमले किए जिसमें इन वर्षो में 60 से अधिक जवानों की शहादत देनी पड़ चुकी है। लेकिन अब यह इलाका नक्सलियों के चंगुल से मुक्त होता जा रहा है। पिछले 2-3 सालों में हुए पामेड़ मुठभेड़ में 20 व टेकलगुड़ेम मुठभेड़ में 23 जवानों की शहादत हुई थी, इन मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था।





### पीएलजीए बटालियन नम्बर एक का कोर इलाका



यह पूरा इलाका नक्सलियों के पीएलजीए बटालियन नम्बर एक का कोर क्षेत्र कहलाता है। बीजापुर से तर्रेम, कोंडापल्ली होकर पामेड़ जाने वाले इस रास्ते पर पिछले चार दशक से आवागमन बाधित था। इलाके के लोगों को पामेड़ पहुंचने के लिए तेलंगाना राज्य के चेरला होकर पामेड़ जाना पड़ता था। क्षेत्र के लोग 210 किलोमीटर की दूरी तय करके बीजापुर से पामेड़ पहुंचते थे। प्रदेश के आखिरी छोर पर बसा पामेड़ जहां इससे पूर्व तक जवानों से लेकर राशन तक हवाई मार्ग से पहुंचता था। कारण नक्सलियों की सबसे ताकतवर बटालियन 01 का था गढ़ माना जाता रहा है यहां नक्सल मिलिट्री चीफ हिड़मा व देवा का एकछत्र राज चला करता था।

# पत्रकारिता विभाग में मनाया भारतीय समाचार पत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ विद्यार्थियों को मिली कई अहम जानकारियां

■ महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजन

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के द्वारा हर्षोल्लास के साथ भारतीय समाचार पत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न अखबारों के फ्रंट पेज का मॉडल बनाकर समाज मे समाचार पत्र के महत्व को बताया है।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीदाम ढाली ने कहा आज का दिन न केवल पत्रकारिता के विकास का उत्सव है, बल्कि उन संपादकों और पत्रकारों को भी याद करने का अवसर है, जिन्होंने अपने साहस, नेतृत्व और लेखनी से समाज को नई दिशा दी है। भारत में प्रतिवर्ष 29 जनवरी को भारतीय समाचार-पत्र दिवस मनाया जाता है, जो भारतीय पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास और लोकतंत्र में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। भारत में समाचार-पत्रों का इतिहास 18 वीं शताब्दी से प्रारंभ हुआ था। पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों ने विभिन्न भाषाओं के अखबारों के फ्रंट पेज का मॉडल बनाकर समाज मे समाचार पत्र के महत्व को बताया है। समाचार पत्र के माध्यम से प्रतिदिन सुबह-शाम देश दुनिया में घटने वाली घटनाओं के बारे में जानकारी मिलता है। समाचार पत्र के माध्यम से हमें शासन की योजनाओं के बारे में समय से जानकारी मिलती रहती है। इस आधुनिक युग मे भी लोग सुबह उठते ही चाय की चुस्कियों के साथ अखबार पढ़ना पसंद करते है।

## जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण

**जगदलपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता टीडी शांडिल्य ने दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं बस्तर जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों का मंगलवार को निरीक्षण किया। उनके द्वारा विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पातरपारा एवं ओड़सा, दंतेवाड़ा जिले में गीदम विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम हिरौली, बड़े कारली, सालनार एवं ग्राम कुंडरी तथा बस्तर जिले के ग्राम किलेपाल में जल प्रदाय योजनाओं का निरीक्षण किया गया।

## गणतंत्र दिवस कार्यक्रम देखने गई पत्नी को पति ने पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ रिपोर्ट पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

गणतंत्र दिवस के दिन बांदे के स्कूल ग्राउण्ड में कार्यक्रम देखने गई महिला के साथ पति ने मारपीट किया। मारपीट कर पत्नी को धमकाया कि अगर थाना में शिकायत करने गई, तो जान से मार दूंगा, जिसके कारण महिला डरी हुई थी। महिला ने धमकी देने से डरी होने के कारण पुलिस की शरण में पहुँची। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। बांदे थाना में शिकायत करने पहुंची थानापारा बांदे निवासी 35 वर्षीय रनवीर कौर बाई पति रतन बाई ने पुलिस को बताया कि 26 जनवरी को सुबह बांदे स्कूल ग्राऊण्ड से कार्यक्रम देखकर घर आई तो मेरे पति द्वारा प्रोग्राम देखने गई हो, स्कूल में क्या करने गई थी, बोलते हुए प्लास्टिक पाइप से पीटा। मारपीट को पड़ोसियों ने देखा और बीच बचाव भी किया। पड़ोसियों द्वारा बचाव नहीं किया जाता तो बड़ी घटना हो सकती थी। मारपीट करने से मेरे बाएं हाथ एवं बाएं गाल में चोट आई है। सिर, हाथ, पैर, बदन में दर्द है। पति ने धमकी दिया है कि पुलिस थाना में रिपोर्ट कराने जाएगी तो जान से मार दूंगा, जिस कारण से वह डर गई थी। अपने परिवार वालो को घटना के बारे में जानकारी दिया, जिसके बाद थाना में शिकायत दर्ज कराने आई हूं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



## बालिका आश्रम पंडरीपानी में बाल मेला का किया गया आयोजन

**कांकेर।** विकासखंड कांकेर के पंडरीपानी आदर्श कन्या आश्रम में बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला में आश्रम की बच्चियों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल के आदेशानुसार नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया।

आश्रम की प्रधानाध्यापक निलोराम रजक ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चियों की रचनात्मकता और प्रतिभा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इस मेले से बच्चियों को अपनी कला और कौशल दिखाने का अवसर मिला, जिससे उनके व्यक्तित्व विकास में मदद मिलेगी। इस आयोजन में बच्चियों ने नड्डा, गुपचुप, मैगी, अप्पे जैसी विभिन्न वस्तुएं तैयार कर प्रदर्शनी लगाई। प्रधानाध्यापक ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे बच्चियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। इस आयोजन के माध्यम से बच्चियों को अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिला, जिससे उनके व्यक्तित्व विकास में मदद मिलेगी। यह आयोजन बच्चियों की रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



## बस की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक हुआ घायल

अस्पताल में कराया दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रावघाट थाना एवं मेढ़की नदी पुल के बीच सवारी बस ने मोटर सायकल में सवार शिक्षक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल शिक्षक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। रावघाट थाना में शिकायत करने पहुंचे रावघाट निवासी हेमंत कुमार नांद्रे ने पुलिस को बताया कि 28 जनवरी को सुबह साढ़े 8 बजें मेरे मामा अंतागढ़ निवासी 63 वर्षीय सतपाल सिहं जनवदे पिता पलटू राम अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 व्ही 0322 से स्कूल प्राथमिक शाला पुंगारपाल आमासरा जिला नारायणपुर में पढ़ाने जा रहा था। नारायणपुर की ओर से आ रही बस्तर ट्रेवल्स बस क्रमांक सीजी 27 एफ 0939 के चालक जितेन्द्र कुमार के द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बस को थाना रावघाट एवं मेढ़की नदी पुल के बीच रोड में मोटर साकयल को एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे मामा को दाहिने पैर व सिर, सीना में चोट आया है। ईलाज के लिए सीएचसी अंतागढ भर्ती कराया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125, 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।




## सीमा सुरक्षा बल ने किया निःशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन

**दुर्गुकोंदल।** बटालियन बीएसएफ द्वारा सीओबी रावघाट में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बटालियन के एरिया के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों के कुल 678 ग्रामीणों की नेत्र व स्वास्थ्य जाँच की गई और उन्हें दवा दी गई। डॉक्टर के परामर्श के अनुसार, मरीजों को दवा और आंखों के चश्मे भी दिए गए। बीएसएफ द्वारा आयोजित किये गए नेत्र जाँच व स्वास्थ्य शिविर का इस क्षेत्र के लोगों ने काफ़ी सराहना की। निःशुल्क नेत्र जाँच एवं चिकित्सा शिविर का उद्घाटन डीआईजी एसएचक्यू बीएसएफ रायपुर हरिंदर पाल सिंह सोही द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ. एस जयबालन, संजय सिंह, अरुण कुमार, डॉ. अथुर्व खंडरा, डॉ. निखलेश कुमार, डॉ. लक्ष्मी नारायण वर्मा, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. दुर्गेश चहल व अन्य लोग उपस्थित रहे।



हाईस्कूल देवगांव में पहुंची मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम

# परीक्षा पे चर्चा एवं जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

विकासखंड नरहरपुर के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल देवगांव में मंगलवार को जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा परीक्षा पे चर्चा एवं जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।




कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के दौरान होने वाले मानसिक तनाव को समझने और उससे निपटने के उपायों से अवगत कराना था। साथ ही जीवन कौशलों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समझाकर छात्रों में सकारात्मक सोच को विकसित करना था, ताकि वे आने वाली चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया, अस्पताल अधीक्षक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर डॉ. विमल चंद्र भगत, नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. किशोर कुमार ध्रुव और जिला सलाहकार डॉ. योगेश प्रजापति के मार्गदर्शन में किया गया। छात्रों से संवाद करते हुए उन्हें तनाव मुक्त परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को यह भी बताया गया कि परीक्षा के मानसिक दबाव को कैसे कम किया जा सकता है और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण को अपनाया जा सकता है। इस कार्यक्रम ने छात्रों को न केवल परीक्षा के दबाव से उबरने में मदद की, बल्कि उन्हें जीवन की अन्य मुश्किलों से निपटने के लिए भी प्रेरित किया। यह आयोजन एक सफलता के रूप में उभरा, जिसने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्पेशल ट्रेन से - 29 मार्च से 08 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर-16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।

संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport